## सार-समाचार

### गवर माता की शोभायात्रा के दर्शनों को जन सैलाव उमड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में गणगौर का पर्व उत्साह से मनाया गया। महिलाओं कि उत्साह चरम पर रहा।इसी के चलते गणगौर पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया । बथुआ की पूजा की गई । लोटिया उची गई। गणगौर पर्व में रमीं सुहागिनें।तीजनियों ने बढ़ चढ़ कर पर्व में भाग लिया। राजस्थानी थीम रखा गया। जोधपुर में गणगौर पर मारवाड़ की लोक परंपराओं का प्रतीक मानी जाने वाली गवर माता (मां पार्वती) करीब 2 करोड़ की ज्वैलरी धारण कर निकलीं। गवर माता की शोभायात्रा शाम 5:30 बजे राखी हाउस से शाही लवाजमे के साथ रवाना हुई। आज के विशेष दिन गवर माता अपने ससुराल से पीहर आती हैं। जिसके दर्शनों के लिए सड़क के दोनों छोर और छतों पर शहरवासियों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में सोने के भारी आभूषणों से लकदक माता की प्रतिमा और अनूठे रथ हर किसी के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। गणगौर शोभायात्रा के रूप में गवर माता की सवारी राखी हाउस से शाम 5:30 बजे रवाना हुई। यह शाही सवारी मिर्ची बाजार, पूंगलपाड़ा और कबूतरों के चौक होते हुए जालोरी गेट पुष्टिकर स्कूल, खांडा फलसा, आडा बाजार, कुमारियां कुआं, सराफा बाजार और सिटी पुलिस होते हुए ऐतिहासिक घंटाघर पहुंचकर संपन्न हुई। मसूरिया स्थित माहेश्वरी न्याति के पास में भी हर साल की तरह इस साल भी जहाँ तीजनोयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। ईसर-गौरी के मिलन का उत्सव है । सोनिया, मंजूं, दीपा, सुनीता, ललिता, सुरभि, मोना, मीनू, सरिता, अनिता,संग कई महिलाओं ने गणगोर के गीत गाये, घूमर किया। समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान की ओर से शनिवार को जोधपुर महिला सेंट्रल जेल में तीज का त्यौहार पारंपरिक तरीके व हर्षोल्लास से मनाया गया।इस अवसर पर गणगौर तीजणीयों को सुहाग की सामग्री और मुस्लिम बहनों को जेल प्रशासन के सहयोग से मीठी ईद की सेवइयां बनाकर वितरित कर ईद की शुभकामनाएं दी गई। संस्था अध्यक्ष कपिल अरोड़ा ने बताया महिला मोर्चा अध्यक्ष विजयलक्ष्मी अरोड़ा के सानिध्य में आज सेंट्रल महिला जेल में गणगौर तीज पर सेंट्रल जेल महिला अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला बंदी तीजणिया द्वारा सिर पर लोटिया रखकर घुडलो घूमेला सरीके गणगौर के गीत गाते हुए गणगौर माता की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर डिप्टी जेलर श्रीमती लीला प्रजापत, मुख्य प्रहरी कविता दवे, महिला बंदी एवं जेल स्टाफ मौजूद थे। माहेश्वरी महिला मंडल पश्चिम क्षेत्र द्वारा हर वर्ष की भांति चैत्र शुक्ल गणगौरी तीज के 20वें भव्य सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम के तहत 40 तीजणियों का उद्यापन कार्यक्रम रातानाडा स्थित जनोपयोगी माहेश्वरी भवन में श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। सचिव विजय लक्ष्मी भूतड़ा ने बताया कि अध्यक्ष अलका जौहरी की अध्यक्षता एवं समाजसेविका आशा फोफलियां, निवर्तमान अध्यक्ष सुनीता जैसलमेरियां, कोषाध्यक्ष निशा पुंगलिया, उपाध्यक्ष कुमुद भूतड़ा, सहसचिव भारती राठी सहित महिला मंडल की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुबह तीजणियों द्वारा सिर पर लोटिया रखकर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने नृत्य किया। इसके बाद पंडित द्वारा विधि-विधान से गणगौर पूजन कराया गया और गणगौर प्रसादी का आयोजन हुआ।

### लीलावत के फलोदी आगमन पर भव्य स्वागत

**फलोदी,** (कासं) अखानी परिवार के रत्न अनुज डूंगरराम लीलावत के आईएएस सेवा में 657 वी रैंक से चयनोपरांत पहली बार अपने गृह नगर मां लटियाल की नगरी फलवृद्धिका फलोदी आगमन पर भाजपा संगठन के जगदीश मेघवाल जी के निवास पर भाजपा परिवार शहर मंडल फलोदी की ओर से साफा और श्री राम नाम का दुपट्टा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। भाजपा शहर अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया ने बताया कि स्वागत कार्यकम में विश्व हिंदू परिषद से जयराम गज्जा, जय प्रकाश, ओम बोहरा,धन सुख टरु, शहर महामंत्री,जसवंत सोनी,अशोक पालीवाल,जयप्रकाश बोहरा जिला महामंत्री,सौरभ बोहरा, शिवकुमार व्यास, मेघराज कल्ला,विशाल थानवी,राजीव देवडा,जगदीश पालीवाल,प्रकाश व्यास जाखण, जगदीश लोढा,लीलावत परिवार से जगदीश,चुनीलाल मास्टर, ठाकर राम , दाऊलाल ,श्रवण कुमार , जगदीश , कुशल्लाराम , देश मुख चतुर्भुज लीलावत, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिव पंचारिया ने आईएएस डुंगर राम और उनके पिता कुशलाराम, बडे भाई देशमुख, लीलावत परिवार को बधाई एवं धन्यवाद देकर कहा कि आपने हमारी फलोदी नगरी का नाम रोशन किया है। आपने युवाओं को आगे ब?ाने की अपील करते हुए प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि सतत प्रयास,कठिनतम संघर्ष के साथ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डटे रहें, एक दिन सफलता आपके कदम चूमेगी।

### टैलेंट हंट आज

**जालोर ।** विद्या भारती एजुकेशनल ग्रुप जालोर में रविवार को टैलेंट हंट 2026 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।इस प्रतियोगिता में क्षेत्रभर से लगभग 3500 विद्यार्थियों ने निशुल्क पंजीकरण करवाया है, जो आयोजित होने वाली परीक्षा में भाग लेंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढने का अवसर देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। निदेशक के एन भाटी के अनुसार, परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। यदि कोई विद्यार्थी किसी कारणवश पंजीकरण से वंचित रह गया है, तो वह लिंक के माध्यम से अभी भी रजिस्ट्रेशन कर सकता है तथा सीधे विद्यालय पहुँचकर परीक्षा में भाग ले सकता है।संस्थान का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण एवं समग्र विकास को बढावा देना है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा मंच मिलेगा। संस्थान परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की है।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का स्वागत

**जालोर ।** जालोर के सायला स्थित नया बस स्टैंड श्री राम सर्कल पर भाजपा जिला प्रवक्ता एवं पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित के कार्यालय पर शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य आवडदान चारण कोटडा का किया गया । आवडदान चारण के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी तथा साफा माला पहनाकर स्वागत किया। जिला प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित के नेतृत्व मे मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता परबतसिंह दहिया, किशन भारती, राधा कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष बगदाजी राजपुरोहित सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने नव नियुक्त प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य आवडदान जी का साफा एवं दुपट्टा से स्वागत अभिनन्दन किया गया !इस दौरान अजाजी राजपुरोहित (साथूआ), शिवदानसिंह भाटी, विक्रम राव, राधेश्याम आचार्य , बाबूलाल ओटवाला, लक्ष्मण सिंह पंवार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**पाली ।** रोटरी क्लब पाली एवं अपोलो हास्पिटल्स अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे 22 मार्च को विशाल नि:शुल्क स्वास्थय शिविर का आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष दिनेशचंद्र व सचिव वर्धमान भंडारी ने बताया कि शिविर में अपोलो हास्पिटल अहमदाबाद के डा.दरिया सिंह और उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा नि:शुल्क हड्डी रोग और डा. ध्रुव पटेल कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन द्वारा सेवाऐ दी जायेगी. इस विशाल शिविर में ब्लड शुगर, ई.सी.जी. की जांचे नि:शुल्क की जायेगी।शिविर की तैयारी में संयोजक धमेन्द्र मोहनोत, अक्षय भंडारी, रामपाल शर्मा, ताराप्रकाश खंडेलवाल तथा अर्जुनचंद्र मेहता, नीलकमल दायमा मूलचंद संकलेचा,विकास जैन, मनोज सोमाई, कन्हैयालाल पंवार, सुनील गुप्ता आदि जुटे हुए हैं।

### नववर्ष शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था

**उदयपुर,( निसं )।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 22 मार्च सांय से देर शाम तक शहर में हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत की शोभायात्रा को आयोजन भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में चेत्रशुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2028 के अवसर पर गांधी ग्राउण्ड से कलश शैभायात्रा रवाना होगी। जो शहर के विभिन्न मार्गो चटक सर्कल, हाथीपोल, देहलीगेट, बापुबाजार, सूरजपोल होकर नगर निगम पहुंचेगी। इस दौरान लोककला मण्डल, नजरबाग, शिक्षा भवन, जरियामार्ग हाथीपोल, कुम्हारों का भट्टा, उदियापोल से सूरजपोल, अबमृत नमकीन पुराना पुलिस कंट्रोल रूम की तरफ,अशोका बेकरी से टाउन हॉल की तरफ, कोर्ट चौराहा से देहलीगेट की तरफ, शास्त्री सर्कल से बांस गली देहली गेट की तरफ जाने वाले सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। देत्यमगरी रेल्वे कूलोनी रोड़ व झरिया मार्ग रोड़ पर, दुर्गा नर्सरी रोड़ व दयिपोल की तरफ, उदियापोल बस स्टैण्ड पिदे वाले मार्ग, उदियापोल एवं गुलाब बाग की तरफ, शक्तिनगर रोड़ होकर अशेक नगर रोड़, शास्त्री सर्कल की तरफ वाहन आ जा सकेंगे।

# संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ताओं में निहित है : नारायण पुरोहित

■ सांचोर के विभिन्न मंडलों में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्गों का शुभारंभ

**जालोर।** जालोर जिले के सांचोर क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण मंडल सांचोर के गोलासन स्थित हनुमानजी मंदिर में तथा नगर मंडल सांचोर एवं श्री सत्यपुर मंडल द्वारा बाबा रामदेव मंदिर, सांचोर में उद्घाटन सत्र आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेश मंत्री नारायण पुरोहित एवं जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद देवजी पटेल द्वारा किया गया। भाजपा मंडलों द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के उद्घाटन सत्र में प्रदेश मंत्री नारायण पुरोहित ने बताया कि यह अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन से राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना है।

साथ ही, कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धित से परिचित कराना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। पूर्व सांसद देवजी पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की भजनलाल सरकार विकास को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आमजन से पार्टी पर विश्वास बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और विभिन्न देशों में चल रहे युद्धों के बावजूद भारत में गैस, तेल सहित आवश्यक आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अंतिम पंक्ति में बैठे वंचित व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करे। इस अवसर पर सांचोर विधायक जीवाराम चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आवड़दान चारण, नगर मंडल अध्यक्ष शंभू सिंह राव, सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सरवाना, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गंगाराम चौधरी, शैतान सिंह भूतेल, महेंद्र चौधरी, भारताराम देवासी, पूर्व प्रधान कालूराम चौधरी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मै तो जाउंगी जयपुरिए देखूली गणगौर

**पाली ।** एस पी एन गणपति महिला मंडल की ओर से शनिवार को सरदार पटेल नगर में गणगौर महोत्सव के आयोजन मे महिलाओ ने अखंड सुहाग की कामना की। संयोजिका श्रीमती रेणु कंवर एवं श्रीमती रिया बाबानी ने बताया की सर्व प्रथम महिलाओ ने ईशर गणगौर की मूर्ति पर आकर्षक श्रृगांर करके विधि विधान से पूजा कर मनवांचित फल मांगा। उन्होने बताया कि अखंड सुहाग की कामना को लेकर सभी महिलाए यह त्यौहार मनाती है जिससे की उनके पति की उम्र लम्बी होती है। वही अवाहित महिलाए या बालिकाए यह त्यौहार मनाती है तो उन्हे भगवान शिव जैसा पति मिलता है। शिव मंदिर से लाई लोटिया - सुषमा मालगवा एवं उषा लक्षकार ने बताया कि महोत्सव के तहत महिलाओ ने शिव मंदिर प्रांगण से गीत गाते हुए कलश मे पानी भरकर लोटिया लाई।

## मांगी अमन चैन की दुआ

**भीनमाल ।** भीनमाल में शुक्रवार को चांद दिखाई देने के बाद शनिवार को भादरडा रोड स्थित ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। शहर काजी मौलाना समीर ने नमाज अदा करवाई। नमाज से पहले तकरीर करते हुए शहर काजी समीर ने कहा कि आजकल के मुस्लिम युवा मोबाईल की रील देखने में मशगूल हो रहे है। उन्हें अपने नैतिक कर्तव्यों की ओर ध्यान देना चाहिए। साथ अपने मां बाप की खिदमत करनी चाहिए। हर मोमिन में सब्र होनी चाहिए। उन्हें हर बेसहारा लोगों की मदद करनी चाहिए। हर मुसलमां को अपने पडोसी का मददगार बनना चाहिए। दिलों में फैली नफरतों को भुलाकर इस ईद के मुकद्दस मौके पर सबको एक दूसरे से गले लगना चाहिए। तकरीर के बाद निर्धारित समय पर दो रकात फर्ज नमाज अदा कराई। बाद नमाज सबने एक दूजे को गले लगाकर ईद को मुबारकबाद दी।

# जालोर में पंच गौरव योजना के तहत जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 25 को

**जालोर ।** जिला खेल अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी एक जिला एक खेल (बॉक्सिंग) योजना के अंतर्गत पंच गौरव जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन जालोर में 25 मार्च किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले में बॉक्सिंग खेल को बढावा देना, नई प्रतिभाओं की खोज करना एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन करना है। यह प्रतियोगिता जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, जालौर के तत्वावधान में आयोजित होगी।

बॉक्सिंग प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि जिसमें अंडर-14, अंडर-17 एवं सीनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाडी भाग लेंगे। आयोजन समिति के अनुसार अंडर-14 वर्ग में वर्ष 2012 से 2016 तक जन्मे खिलाडी तथा अंडर-17 वर्ग में 2009 से 2011 तक जन्मे खिलाडी पात्र होंगे। वहीं सीनियर वर्ग में वर्ष 1985 से 2008 तक जन्मे खिलाडी भाग ले सकेंगे। अंडर-14 (बालक/बालिका) 21 किग्रा, 24 किग्रा, 27 किग्रा, 30 किग्रा, 33 किग्रा, 36 किग्रा, 39 किग्रा, 42 किग्रा, 45 किग्रा भार वर्ग एवं अंडर-17 (बालक/बालिका) 36 किग्रा, 39 किग्रा, 42 किग्रा, 45 किग्रा, 48 किग्रा, 52 किग्रा, 56 किग्रा, 60 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा एवं सीनियर वर्ग (बालक/बालिका) में

44 किग्रा,47 किग्रा, 50 किग्रा, 55 किग्रा, 60 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा, 85 किग्रा, 90 किग्रा, 90 किग्रा भार वर्ग होगा। वही प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग के मुकाबले 3 राउंड (प्रत्येक 2 मिनट) के होंगे, जिनमें 1 मिनट का विश्राम रहेगा। वहीं सीनियर वर्ग के मुकाबले 3 राउंड (प्रत्येक 3 मिनट) के होंगे, जिनमें 1 मिनट का विश्राम रहेगा। सभी मुकाबले नॉकआउट प्रणाली के आधार पर खेले जाएंगे तथा 10 पॉइंट मस्ट सिस्टम से निर्णय किया जाएगा। बॉक्सिंग सह प्रशिक्षक ओम प्रकाश गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व खिलाडयों का वजन मापन एवं मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए जन्म प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, आधार कार्ड या स्कूल आईडी तथा जिला संघ द्वारा सत्यापित एंट्री फॉर्म अनिवार्य रहेगा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाडयों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे एवं सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर (बालक/बालिका) को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

## बेमौसम बारिश से रबी फसलों को नुकसान

**सांचौर ।** विधानसभा क्षेत्र में गत दिवस हुई बेमौसम बारिश एवं तेज आंधी के कारण किसानों की रबी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। विशेष रूप से जीरा, इसबगोल, गेहूं सहित अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

इस संबंध में सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने पत्र में मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल गिरदावरी करवाई जाए तथा वास्तविक नुकसान का आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

विधायक ने यह भी आग्रह किया है कि जिन किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाया है, उन्हें शीघ्र बीमा क्लेम दिलवाया जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें। साथ ही उन्होंने किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने की भी मांग की है।

विधायक चौधरी ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और इस कठिन समय में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। किसानों को हर संभव राहत दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

# पीएमएसएमए अवार्ड मिलने पर सीएमएचओ पाली का अभिनन्दन

■ शनिवार को एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र पर आयोजित हुआ समारोह

**पाली।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए हाल ही में पाली जिले को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर यह सम्मान पाली जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ विकास मारवाल ने ग्रहण किया। इस पुरस्कार को लेकर पाली जिले के चिकित्सा विभाग एवं अन्य सामाजिक संगठनों में हर्ष व्याप्त है । बता दें कि गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व काल के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य के चिकित्सा संस्थानों में हर माह 9,18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

इसकी प्रभावी क्रियान्विति के परिणामस्वरूप प्रदेश में मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पाली जिले में इसे लेकर विषेष उपलब्धि अर्जित की गई है, इस कारण राज्य स्तरीय पुरस्कार पाली जिले को मिला है। पाली जिले की इस विषेष उपलब्धि पर चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न सामाजिक संगठन जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल का अभिनन्दन कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को राजकीय बांगड़ चिकित्सालय स्थित ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र पर जिले के कई चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मचारियों एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों द्वारा सीएमएचओ डॉ. मारवाल का साफा एवं माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

डॉ. मारवाल ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि चिकित्सा विभाग पाली के चिकित्सकों एवं अन्य समस्त कर्मचरियों की मेहनत के कारण ही जिले को राज्य स्तर पर सम्मान मिला है। उन्होंने सभी का आहवान किया कि सभी कार्यक्रमों में आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवायें प्रदान करें ताकि आमजन मे विभाग की छवि को बेहतर बनाया जा सके। अभिनन्दन कार्यक्रम में वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. एसएन स्वर्णकार, प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी. सैनी, प्रशिक्षक पारसमल कुमावत, भूपेन्द्रकुमार बोस, महेश राठौड सहित कई चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अमन चैन की मांगी दुआ

**नागौर।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में ईद-उल फितर का त्योहार रविवार को पूरे उत्साह, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह करीब सवा आठ बजे कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित ईदगाह, अजमेर रोड, सूफी साहब की दरगाह तथा बड़े पीर साहब की दरगाह सहित विभिन्न स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नमाजी एक साथ खुदा की बारगाह में सजदे में झुके नमाज के बाद मुल्क में अमन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई।

साथ ही देश की तरक्की और खुशहाली की कामना भी की गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे शहर में खुशियों का माहौल नजर आया, जहां छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिला।ईद के मौके पर शहर के बाजारों में भी रौनक छाई रही। लोगों ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ त्योहार की खुशियां साझा की। बच्चों को ईदी के रूप में उपहार और पैसे दिए गए, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई । नमाज से पूर्व उलेमाओं ने तकरीर करते हुए लोगों को नेकी, सच्चाई और इंसानियत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद सिर्फ खुशियां मनाने का दिन नहीं, बल्कि अल्लाह का शुक्र अदा करने और अपनी जिंदगी को नेक रास्ते पर चलाने का भी अवसर है।

# जालोर में ईदुलफितर का पर्व अकीदत के साथ मनाया

■ शहर के बागोडा रोड स्थित ईदगाह मस्जिद में ईद की नमाज अदा करने के लिए नये नये परिधान पहनकर मोमिनो का हुजूम उमडता नजर आया

**जालोर, ( कासं )।** जालोर जिले में ठदुलफितर का पर्व शनिवार को अकीदत एवं एहतराम के साथ मनाया गया। जालोर में शुक्रवार शाम को चांद दिखने के बाद शनिवार को ईदुलफितर मनाने का एलान किया गया। ईदुलफितर पर्व को लेकर मोमिनो में उत्साह नजर आया। वही अलसुबह ही ईद की नमाज अदा करने को लेकर तैयारियां करने लगे। शहर के बागोडा रोड स्थित ईदगाह मस्जिद में ईद की नमाज अदा करने के लिए नये नये परिधान पहनकर मोमिनो का हुजूम उमडता नजर आया।

ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मुफती मारुफ ने तकरीर करते हुए कहा कि ईदुलफितर का पर्व आपसी भाईचारा एवं आपस में एक दूसरे से मोहब्बत करने का संदेश देता है। उन्होने कहा कि ईद की नमाज अदा करने से पूर्व अपने आय के आधार पर जकात, फितरा आदि देना चाहिए। इस ईद की फजीलत बहुत ही आला है, इस पूरे महिने मोमिनो ने रोजा रखकर, कुरान ए तिलावत कर दुआ कर इबादत में गुजरा।उन्होने कहा कि इस ईद पर आपस में गिले सिकवे भूलाकर उसे गले लगाये, गरीब व असहाय लोगो की हमेशा सेवा करने की बात कही। उन्होने मोमिनो को इस्लाम के बताये रास्ते पर चलने की नसीहत दी। निर्धारित समय सुबह 8 बजे मौलाना मुफती मारुफ ने ईदुलफितर की नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद खुत्बा पढा और इसके बाद देश में अमन एवं भाईचारा, एकता , खुशहाली की दुआ की। ईद की नमाज अदा होने के बाद एक दुसरे के गले लगाकर ईद की मुबारकबाद की। वही इसके बाद मोमिनो ने कब्रिस्तान जाकर अपने अपने मरुहमो के मगफिरत की दुआ मांगी। दिनभर मोमिन मोहल्लो में ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शाम तक जारी रहा। नन्हे बच्चो ने भी ईद के पर्व पर ईदी प्राप्त कर खुशी का इजहार किया। हिन्दू भाईयो ने मुस्लिम भाईयो के ईद की मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारा व एकता का परिचय दिया। वही ईदगाह में एक भी जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी के नही आने पर चर्चा का विषय बना रहा। ईदगाह में डिप्टी गौतम जैन व थानाधिकारी रामेश्वर भाटी व पूर्व प्रतिपक्ष नेता मिश्रीमल ने पहुंचकर मोमिनो की ईद की बधाई दी। इसके अलावा जिले का कोई भी आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि नही पहुंचा।पुलिस सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध नजर आये। जिलेभर में ईदुलफितर का पर्व शांतिपूर्वक तरीके से हर्षौल्लास के साथ मनाया गया।

रेवदर संवाददाता के अनुसार- मंडार कस्बे में ईद उल फितर का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह 8-30 बजे मुस्लिम समाज के लोग हुसैनी चौक के पास एकत्रित हुए एवं वहा से ईदगाह परिसर पहुंचे जहां पर मौलाना सिद्दीक अकबरी ने ईद के पर्व पर बयान देते हुए बताया कि ईद का पर्व हमें एकता के सूत्र में बांधता है एवं भाईचारे का पैगाम देता है ईद के दिन सभी गिले शिकवे दूर कर सभी से प्रेम से गले मिलना चाहिए अगर कोई किसी के प्रति मनमुटाव है तो उसे भी गले लगा कर गिले शिकवे दूर करने चाहिए तथा मुस्लिम धर्म के अलावा अन्य धर्म के लोगों से भी गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देनी चाहिए। ईद की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाईया दी, ईद के पर्व को लेकर छोटे बच्चों में उत्साह का माहौल रहा, छोटे बच्चे बडो से ईदी लेने को लेकर उत्सुक दिखे। ईद के पर्व पर सभी के घरो में सेवईया एवं खीर बनाई गई तथा एक दूसरे के घर पर जाकर मुंह मीठा किया गया। मंडार कस्बे के निकट भटाना में भी ईद की नमाज अदा की गई। ईद उल फितर को लेकर प्रशासन की शानदार व्यवस्था देखने को मिली, जिस मुस्लिम समाज ने प्रशासन का आभार जताया, इस मौके पर मौलाना सिद्दीक अकबरी, कासिम अली, नायब तहसीलदार जब्बर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक गणेशराम, नरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, मुलाराम, भंवर लाल, नरेन्द्र सिंह सहित पुलिस जाब्ता उपस्थित रहा।

## सार-समाचार

### महिला शिल्पकारों का सम्मान

**जोधपुर,** । महरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट व इण्डियन ट्रस्ट फॉर रूरल हेरिटेज एण्ड डवलपमेंट द्वारा महरानगढ़ दुर्ग में 10 दिवसीय "डेजर्ट क्राफ्ट ऑफ बाड़मेर-ए स्पेशल एग्जिबिशन "का आयोजन किया गया ,जिसका शनिवार को समापन हुआ। हेमलता राज्ये जी ने बाड़मेर की महिला कलाकारों द्वारा प्रदर्शित साड़ियाँ, अजरख प्रिंट, पट्टू से बने उत्पाद, स्टोल, दुपट्टा, कुशन कवर, एम्ब्रॉइडरी ,दुपट्टा, साड़ी व लेदर से बने उत्पादों का अवलोकन किया व उनकी सराहना की। उन्होंने बाड़मेर की एक-एक महिला शिल्पकार से मिलकर मारवाड़ी में बातचीत की, उनकी कला की जानकारी ली। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बाड़मेर की यह महिला कलाकार दिसम्बर व जनवरी में महरानगढ़ में स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करे ताकि उस समय किले में आने वाले इन्टरनेशनल व डोमेस्टिक टूरिस्ट से उन्हें सेल में फायदा मिलेगा। उन्होंने महिला कलाकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उनके द्वारा नए डिजाइन पर भी काम किया जाना चाहिए। उन्होंने महिला शिल्पकारों से कहा कि उनके द्वारा बाड़मेर जोधपुर की कला को संरक्षित करने में हरसंभव योगदान दिया जायेगा। महारानी हेमलता राज्ये जी ने प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात् बाड़मेर की महिला कलाकार सिंध बाई (कशीदाकारी), तीजो देवी (पट्टू बुनकर), रेखा देवी (एप्लीक सिलाई), ज्योति (लेदर) व जीतू देवी (कांच कशीदाकारी) को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इण्डियन ट्रस्ट फॉर रूरल हेरिटेज एण्ड डव्लपमेंट के प्रभारी अरविन्द यादव ने बताया कि प्रदर्शनी में बाड़मेर की ग्रामीण महिलाओं को क्राफ्ट के आधार पर 10 दिवसीय प्रदर्शनी लगाने का मौका दिया इसके लिए महाराजा गज सिंह जी व महारानी हेमलता राज्ये जी के आभारी हैं ।

### एक शाम लोक देवता पाबूजी राठौड के नाम

**धोरीमना ।** बाडमेर में स्थित सिणधरी चौराया किसान भवन के सामने पाबूजी राठौड के मंदिर में गणेशाराम प्रजापत के परिवार की ओर से शुक्रवार शाम लोक देवता राठौड के पड का आयोजन रखा गया। जिसमें हाथीतला पाबूजी राठौड एंड पार्टी के गायक कलाकार हजारीराम व राजूराम भोपा और डांसर राणाराम व जोधाराम एवं अन्य नृत्य कलाकार टिकुराम इन कलाकारों द्वारा गजानंद की स्तुतियां द्वारा पाबूजी राठौड की आरती एवं शंख बजा कर सर्व देवताओं को आमंत्रण देते हुए रावण हथा की मधुर आवाज से पाबूजी राठौड लोक देवता के कार्यक्रम की शुभारंभ की पाबूजी राठौड का ब्यावला व धाडो गोगा जी महाराज का ब्यावला हरमल का गीत एवं कई देवी देवताओं की प्रस्तुतियां दी गई। डांसर राणाराम ने थाली से नृत्य किया गया साइकिल पर नृत्य करना व टिकुराम ने झांकी निकालकर नृत्य किया गया। रात भर सैकडो की संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों को मनमोहित कर दिया। श्रोताओं को सुर में सर मिलाकर बैठने को मजबूर कर दिया गया। सुबह में पाबूजी राठौड एवं रूपनाथ झडासर की महा आरती व महाप्रसादी वितरण की गई तथा इस अवसर पर राजस्थान मे महिलाओं का मुख्य त्योहार गणगौर का भी त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म प्रेमी व मातृशक्ति द्वारा धूमधाम से माता गवरा दे से देशवासियों में सनातन धर्म प्रेमियों के लिए आशीर्वाद प्रदान करने की कामनाएं की दिन भर मेले जैसा माहौल रा कई सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

### तैराकी शिविर का अवलोकन

**उदयपुर,** (निसं)। राजस्थान सरकार की पंच गौरव योजनान्तर्गत ब्लॉक स्तरीय टेलेन्ट सर्च से चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं युडीए आयुक्त राहुल जैन के निर्देशन में महाराणा प्रताप खेलगांव के तरणताल में आवासीय प्रशिक्षण जारी है। शनिवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने शिविर का अवलोकन कर खिलाड़ियों से संवाद किया। जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने बताया कि शिविर में आए तैराकों को प्रात:कालीन सत्र में खेल गतिविधि, योगा एवं तैराकी खेल के सम्बन्ध में तैराकों को जानकारी प्रदान की गई। प्रात:कालीन सत्र में शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी अतुल चण्डालिया भी शिविर में पहुंचे। अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें शिविर की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विधायक जैन के खिलाडयों के साथ संवाद किया और बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के बाद भी अपने - अपने गांवों में जाकर जो तकनीकी सीखी है उसका निरन्तर अभ्यास जारी रखें और पंचायत के साथ-साथ जिले एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस खेल को बढावा देने हेतु विधायक मद से राशि की जरूरत पडी वो प्रदान की जाएगी। साथ ही जिला खेल अधिकारी डॉ. पालीवाल को निर्देश प्रदान किये कि इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान करावे जिससे तैराकी खेल को बढावा मिले सके।

### नेहरू उद्यान का अवलोकन किया

**उदयपुर,** (निसं)। प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीवी श्रीनिवास ने उदयपुर प्रवास के दौरान फतहसागर झील के मध्य स्थित नेहरू उद्यान का अवलोकन किया। उदयपुर की नैसर्गिक सुंदरता देखकर सीएस अभिभूत हो उठे। उन्होंने पर्यटन विकास को लेकर चल रहे प्रोजेक्टस् की जानकारी ली। उदयपुर यात्रा के दूसरे दिन शनिवार सुबह 7.30 बजे मुख्य सचिव सर्किट हाउस से प्रस्थान कर फतहसागर की पाल पर पहुंचे। इस दौरान संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, युडीए आयुक्त राहुल जैन, गिर्वा एसडीएम अवुला सांईकृष्ण, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, निदेशक अभियांत्रिकी संजीव शर्मा आदि भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव सहित अधिकारीगण सोलर बोट से झील के मध्य स्थित नेहरू उद्यान पहुंचे। उन्होंने उद्यान में उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से हाल ही कराए गए विकास कार्यों का जायजा लिया।

### कार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने दो कार चालकों के खिलाफ रोड जाम करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजमल पुत्र धर्मनारायण आरी निवासी कानुपरे मेवाड़ा फरीस रामसागड़ा डूंगरपुर हॉल उप निरीक्षक सूबेदार एडक्यूटेंट मेवाड़ भील कोर खेरवाड़ा ने दो कार चालक व मालिकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 19 मार्च सायं एमबीसी कार्यालय के सेण्डमेन गार्ड के प्रशासनिक भवन के सामने दो कारे खड़ी कर प्रशासनिक काम में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज करवाया।

### युवक की अकाल मौत

**उदयपुर,** (निसं)। युवक की अकाल मौत होने पर परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदवे निवासी विकेश प्रजापत पुत्र लक्ष्मणलाल प्रजपत (19) निवासी ऋषभदेव की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

# अभ्यर्थियों से संवाद किया, योजनाओं से लाभान्वित होने का आव्हान

**उदयपुर,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का संचालन किया जा रहा है।

योजना का मुख्य उद्देश्य युवा अभ्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से उत्कृष्ट ढंग से करवाकर रोजगारोन्मुख बनाने हेतु समान अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत् उदयपुर जिला मुख्यालय पर डा. अनुष्का मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी, ऐलन इंस्टीट्युट, फिजिक्स वाला एवं सीएल एजुकेट संस्थान योजनान्तर्गत चिन्हित होकर इन्जिनियरिंग, मेडीकल, सी ए, बैंक कॉन्सटेबल, ग्राम सचिव, पटवारी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये पात्र एवं चयनित विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहे है।

अनुष्का संस्थान में शनिवार को कोचिंग प्राप्त करने वाले विभिन्न कोर्स के विद्यार्थियों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य आधारित रहकर योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। सहायक निदेशक अरूषि जैन ने नियमित उपस्थिति हेतु पाबन्द करते हुए अच्छा परिणाम देने हेतु उत्साहवर्द्धन किया। अनुष्का एकेडमी के राजीव सुराणा ने सभी का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जिसमें तृतीय श्रेणी अध्यापक परीक्षा में 26, चतुर्थ श्रेणी कार्मिक परीक्षा में 5, कृषि सुपरवाइजर परीक्षा में 1, एएनएम थर्ड ग्रेड नर्स परीक्षा में 4, पटवारी परीक्षा में 4, राज. पुलिस कॉन्सटेबल परीक्षा में 6 सहित कुल 58 छात्र-छात्राओं ने उक्त योजनान्तर्गत कोचिंग प्राप्त करके सफलता प्राप्त की है। प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा बेग, टी-शर्ट, रीडिंग बुक वितरित की गई। संचालन भूपेश कुमार ने किया।